collegebatch.com

**Series : W4YXZ**

**SET ~ 4**

**प्रश्न-पत्र कोड**
**Q.P. Code** **63**

**रोल नं.**
**Roll No.**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं।
Please check that this question paper contains **15** printed pages.

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **33** प्रश्न हैं।
Please check that this question paper contains **33** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

#

# मनोविज्ञान (सैद्धान्तिक)

# PSYCHOLOGY (Theory)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **70***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **70***

**सामान्य निर्देश :**

(i) जिन प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं, उन्हें छोड़कर **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(ii) **खण्ड क** : प्रश्न संख्या **1** से **14** में प्रत्येक के लिए **1** अंक निर्धारित है। आपसे निर्देशानुसार उत्तर देने की अपेक्षा की जाती है।

(iii) **खण्ड ख** : प्रश्न संख्या **15** से **19** तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार-I प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए **2** अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(iv) **खण्ड ग** : प्रश्न संख्या **20** से **23** तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार-II प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए **3** अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(v) **खण्ड घ** : प्रश्न संख्या **24** से **27** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-I प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए **4** अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(vi) **खण्ड ङ** : प्रश्न संख्या **28** से **29** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-II प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए **6** अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **200** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(vii) **खण्ड च** : प्रश्न संख्या **30** से **33** तक **दो** व्यक्ति अध्ययनों पर आधारित प्रश्न हैं। इन पर आधारित **1** अंक वाले प्रश्नों की उत्तर सीमा **20** शब्दों और **2** अंक वाले प्रश्नों की उत्तर सीमा **30** शब्दों से अधिक नहीं होनी चाहिए।

## खण्ड क

**1.** मधु एक ऐसी छात्रा है, जो तथ्यों और आँकड़ों को याद रखने में निपुण है, लेकिन उन जटिल समस्याओं को हल करने में संघर्ष करती है, जिनके लिए आलोचनात्मक चिंतन और रचनात्मकता की आवश्यकता होती है। आर्थर जेन्सेन के अनुसार मधु में किस स्तर की योग्यताएँ हैं ? *1*

(A) द्वितीय स्तर, साहचर्यात्मक अधिगम
(B) प्रथम स्तर, संज्ञानात्मक सक्षमता
(C) प्रथम स्तर, साहचर्यात्मक अधिगम
(D) द्वितीय स्तर, अवलोकन अधिगम

**2.** निम्नलिखित का सही मिलान कीजिए : *1*

| पालन का तरीका | सहसंबंध |
|---|---|
| 1. अलग-अलग वातावरण में पाले गए समरूप जुड़वाँ बच्चे | I. 0·50 |
| 2. साथ-साथ पाले गए भ्रातृ जुड़वाँ बच्चे | II. 0·60 |
| 3. साथ पाले गए भाई-बहन | III. 0·72 |
| 4. अलग-अलग पाले गए सहोदर | IV. 0·25 |

(A) 1-I, 2-II, 3-III, 4-IV
(B) 1-III, 2-II, 3-I, 4-IV
(C) 1-IV, 2-I, 3-III, 4-II
(D) 1-II, 2-IV, 3-I, 4-III

***General Instructions :***

*(i)* ***All*** *questions are* ***compulsory****, except where internal choice has been given.*

*(ii)* *Question No.* ***1 – 14*** *in* ***Section A*** *carry* ***1*** *mark each. You are expected to answer them as directed.*

*(iii)* *Question No.* ***15 – 19*** *in* ***Section B*** *are Very Short Answer Type-I Questions carrying* ***2*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***30*** *words.*

*(iv)* *Question No.* ***20 – 23*** *in* ***Section C*** *are Short Answer Type-II Questions carrying* ***3*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***60*** *words.*

*(v)* *Question No.* ***24 – 27*** *in* ***Section D*** *are Long Answer Type-I Questions carrying* ***4*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***120*** *words.*

*(vi)* *Question No.* ***28*** *and* ***29*** *in* ***Section E*** *are Long Answer Type-II Questions carrying* ***6*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***200*** *words.*

*(vii)* *Question No.* ***30 – 33*** *in* ***Section F*** *are based on* ***two*** *case studies given. Answer to each* ***1*** *mark question should not exceed* ***20*** *words. Answer to each* ***2*** *marks question should not exceed* ***30*** *words.*

## SECTION A

**1.** Madhu is a student who excels in remembering facts and figures but struggles when it comes to solving complex problems that require critical thinking and creativity. According to Arthur Jensen, which level of abilities does Madhu possess ? *1*

(A) Level II, associative learning
(B) Level I, cognitive competence
(C) Level I, associative learning
(D) Level II, observational learning

**2.** Match the following : *1*

| *Rearing Practices* | *Correlation* |
|---|---|
| 1. Identical twins reared in different environment | I. 0·50 |
| 2. Fraternal twins reared together | II. 0·60 |
| 3. Brothers and sisters reared together | III. 0·72 |
| 4. Siblings reared apart | IV. 0·25 |

(A) 1-I, 2-II, 3-III, 4-IV
(B) 1-III, 2-II, 3-I, 4-IV
(C) 1-IV, 2-I, 3-III, 4-II
(D) 1-II, 2-IV, 3-I, 4-III

collegebatch.com

**3.** एक शोधकर्ता प्रतिभागियों के व्यक्तित्व विशेषकों का आकलन करने के लिए एक सर्वेक्षण कर रहा है। सर्वेक्षण में एक प्रश्न पूछा गया कि "जब किसी को आवश्यकता होती है तो मैं हमेशा उनकी सहायता करता/करती हूँ।" निम्नलिखित में से कौन-से पूर्वाग्रह के इस प्रश्न की अनुक्रिया को प्रभावित करने की सबसे अधिक संभावना है ? *1*

(A) गैर-अनुक्रिया पूर्वाग्रह (B) अनुमनन

(C) यादृच्छिक अनुक्रिया (D) सामाजिक वांछनीयता

**4.** निम्नलिखित में से कौन सर्जनात्मक परीक्षणों की प्रकृति का सबसे अच्छा वर्णन करता है, जहाँ पूछे गए प्रश्नों या दी गई समस्याओं का कोई निश्चित उत्तर नहीं होता है, जिसमें व्यक्ति को अपनी कल्पनाशक्ति का उपयोग करने तथा उसकी मौलिक अभिव्यक्ति करने की स्वतंत्रता रहती है ? *1*

(A) अपसारी (B) अभिसारी

(C) विश्लेषणात्मक (D) संरचित

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सी, मनोगतिक सिद्धांतों की प्रमुख आलोचना ***नहीं*** है ? *1*

(A) ये सिद्धांत अधिकांशतः व्यक्ति अध्ययनों पर आधारित हैं जिसमें परिशुद्ध वैज्ञानिक आधार का अभाव है।

(B) इनमें कम संख्या में विशिष्ट व्यक्तियों का सामान्यीकरण के लिए प्रतिदर्श के रूप में उपयोग किया गया है।

(C) संप्रत्यय उचित ढंग से परिभाषित किए गए हैं और वैज्ञानिक परीक्षण के लिए उन्हें सरलता से प्रस्तुत किया जा सकता है।

(D) इन्हें गैर-प्रतिनिध्यात्मक प्रतिदर्शों का प्रयोग करने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ता है।

**6.** नीचे दिए गए प्रश्न में अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में चिह्नित दो कथन दिए गए हैं। सही विकल्प का चयन कीजिए। *1*

*अभिकथन (A):* मनोवैज्ञानिक परीक्षण क्लिनिकल निदान, निर्देशन, कार्मिक चयन, स्थानन तथा प्रशिक्षण आदि कार्यों में व्यापक रूप से प्रयोग किए जाते हैं।

*कारण (R) :* वस्तुनिष्ठ परीक्षण किसी व्यक्ति के मनोवैज्ञानिक गुणों का एक मानकीकृत और विश्वसनीय माप प्रदान करते हैं।

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

**3.** A researcher is conducting a survey to assess the personality traits of participants. One of the items in the survey asks, "I always help others when they are in need." Which of following biases is most likely to affect the response to this item ? *1*

(A) Non-response bias (B) Acquiescence

(C) Random responding (D) Social desirability

**4.** Which of the following best describes the nature of creativity tests where there are no specified answers to questions or problems, allowing for freedom to use one's imagination and express it in original ways ? *1*

(A) Divergent (B) Convergent

(C) Analytical (D) Structured

**5.** Which of the following is ***not*** a major criticism of Psychodynamic theories ? *1*

(A) They are largely based on case studies and lack a rigorous scientific basis.

(B) They use small and atypical individuals as samples for advancing generalisations.

(C) The concepts are well defined and easily submitted to scientific testing.

(D) They face criticism for using non-representative samples.

**6.** In the following question, a statement of Assertion (A) is followed by a statement of Reason (R). Read the statements and choose the appropriate option. *1*

*Assertion (A) :* Psychological tests are widely used for clinical diagnosis, guidance, personnel selection, placement and training.

*Reason (R) :* Objective tests provide a standardized and reliable measure of an individual's psychological attributes.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**7.** एक अध्ययन में पाया गया है कि जो व्यक्ति नियमित रूप से उच्च दबाव से ग्रस्त रहते हैं, उनमें संक्रमण होने की अधिक संभावना होती है। इस अवलोकन को इस प्रकार समझाया जा सकता है : *1*

(A) दबाव के दौरान रोग प्रतिकारकों का बढ़ना।

(B) दबाव के कारण श्वेताणुओं की संख्या बढ़ना।

(C) दबाव के कारण दुर्बल प्रतिरक्षा अनुक्रिया।

(D) दबाव के कारण नींद की आवश्यकता में कमी।

**8.** एक व्यक्ति एक प्रकार के भोजन को पसंद नहीं करता, उसके बारे में नकारात्मक राय व्यक्त करता है और इसे खाने से बचता है। यह उदाहरण अभिवृत्ति के ए-बी-सी मॉडल के किन घटकों को दर्शाता है ? *1*

(A) भावात्मक और संज्ञानात्मक

(B) भावात्मक और व्यवहारपरक

(C) संज्ञानात्मक और व्यवहारपरक

(D) भावात्मक, संज्ञानात्मक और व्यवहारपरक

**9.** संदेश प्रसारण की कौन-सी विधि छोटे बच्चों के लिए ओरल रिहाइड्रेशन साल्ट (ओ.आर.एस.) के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति बनाने के लिए सबसे अधिक प्रभावशाली है ? *1*

(A) जनसंचार विज्ञापन

(B) पत्रक और पुस्तिका

(C) सामाजिक कार्यकर्ताओं और चिकित्सकों द्वारा लोगों से प्रत्यक्ष रूप से बातचीत करना

(D) रेडियो पर उद्घोषणाएँ

**10.** एक खेल आयोजन में शांत दर्शक रेफ़री के विवादास्पद निर्णय के बाद अचानक उन्मादी भीड़ में बदल जाते हैं। इस परिवर्तन के लिए कौन-से कारक संभावित रूप से उत्तरदायी हैं ? *1*

(A) दर्शकों की प्रारंभिक निष्क्रिय प्रकृति

(B) स्पष्ट एवं प्रवर्तित नियमों का होना

(C) दर्शकों में अवधान का ध्रुवीकरण और साझा भावनाएँ

(D) भीड़ में विविध राय और व्यवहार

**11.** शेल्डन के प्ररूप के अनुसार कौन-सा संयोजन शारीरिक बनावट और संबंधित स्वभाव से सही मेल खाता है ? *1*

(A) गोलाकृतिक – पतले, लंबे, सुकुमार, कुशाग्रबुद्धि, कलात्मक, अंतर्मुखी

(B) आयताकृतिक – मज़बूत पेशीसमूह, सुगठित शरीर, आयताकार, ऊर्जस्वी, साहसी

(C) लंबाकृतिक – मोटे, मृदुल, गोल, शिथिल, मिलनसार

(D) गोलाकृतिक – मज़बूत पेशीसमूह, आयताकार, ऊर्जस्वी, साहसी

**7.** A study finds that individuals who are regularly exposed to high stress levels have a higher incidence of infections. This observation can be explained by : *1*

(A) Enhanced production of antibodies during stress.

(B) Increased white cell count due to stress.

(C) Impaired immune response due to stress.

(D) Reduced need for sleep due to stress.

**8.** A person dislikes a type of food, expresses negative opinion about it, and avoids it. Which components of the A-B-C model of attitudes are illustrated in this example ? *1*

(A) Affective and Cognitive

(B) Affective and Behavioural

(C) Cognitive and Behavioural

(D) Affective, Behavioural and Cognitive

**9.** Which method of message transmission is likely to be most effective for creating a positive attitude towards Oral Rehydration Salts (ORS) for young children ? *1*

(A) Mass media advertisements

(B) Pamphlets and brochures

(C) Community social workers and doctors talking to people directly

(D) Radio announcements

**10.** A peaceful audience at a sports event suddenly turns into a frenzied mob following a controversial decision by the referee. Which factors are likely responsible for this transformation ? *1*

(A) The audience's initial passive nature

(B) The presence of clear and enforced rules

(C) The polarisation of attention and shared emotions among the audience

(D) The diverse opinions and behaviours within the crowd

**11.** According to Sheldon's typology, which of the following combinations correctly matches the body build with the associated temperament ? *1*

(A) Endomorphs – Thin, long, fragile, brainy, artistic, introvert

(B) Mesomorphs – Strong musculature, strong body build, rectangular, energetic, courageous

(C) Ectomorphs – Fat, soft, round, relaxed, sociable

(D) Endomorphs – Strong musculature, rectangular, energetic, courageous

**12.** एक कंपनी अपने एक प्रमुख आयोजन की योजना बनाने के लिए एक नई समिति का गठन कर रही है। प्रभावी सहयोग सुनिश्चित करने के लिए वे चाहते हैं कि यह समिति एक प्राथमिक समूह के रूप में कार्य करे। इस लक्ष्य को पाने के लिए कौन-सी रणनीति सर्वोत्तम होगी ? *1*

(A) प्रत्येक सदस्य को स्पष्ट भूमिका एवं कार्य सौंपना

(B) सदस्यों के बीच लगातार अनौपचारिक संवाद को प्रोत्साहित करना

(C) सभी सभाओं/बैठकों के लिए कठोर नियम व दिशानिर्देश निर्धारित करना

(D) संचार को कार्यालयी ई-मेल और रिपोर्ट तक सीमित रखना

**13.** रवि सदा स्वयं को असफल मानता है क्योंकि एक परीक्षा में उसने बुरा प्रदर्शन किया था। संज्ञानात्मक मॉडल के अनुसार वह कौन-सी संज्ञानात्मक समस्या प्रदर्शित कर रहा है ? *1*

(A) सटीक स्व-मूल्यांकन

(B) अति सामान्यीकरण

(C) विवेकशील सोच

(D) तार्किक सोच

**14.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सबसे अच्छी तरह वर्णित करता है कि सामाजिक मानक अपसामान्य व्यवहार की अवधारणा को किस प्रकार प्रभावित करते हैं ? *1*

(A) सामाजिक मानक सार्वभौमिक रूप से सुसंगत होते हैं और समय के साथ बदलते नहीं हैं।

(B) वे व्यवहार, विचार और संवेग जो सामाजिक मानकों से संगत होते हैं, अपसामान्य कहे जाते हैं।

(C) समाज के मानक उसकी विशिष्ट संस्कृति, इतिहास, मूल्यों और संस्थानों से विकसित होते हैं एवं ये मानक समय के साथ बदल सकते हैं।

(D) आक्रामक व्यवहार को सभी संस्कृतियों में सामान्य व्यवहार के रूप में सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किया जाता है।

## खण्ड ख

**15.** एक शिक्षक/शिक्षिका ने ध्यान दिया कि कक्षा 5 में पढ़ने वाला उनका एक छात्र नीरज बहुत जल्दी नई भाषा सीखता है, उसे नए विषय पसंद आते हैं और कक्षा में होने वाले परिवर्तनों के प्रति बहुत संवेदनशील है। नीरज की बौद्धिक योग्यताओं पर टिप्पणी कीजिए। *2*

collegebatch.com

**12.** A company is forming a new committee to plan a major event. To ensure effective collaboration, they want the committee to function as a primary group. Which of the following strategies would best support this goal ? *1*

(A) Assigning clear roles and tasks to each member

(B) Encouraging frequent, informal interactions among members

(C) Setting strict rules and guidelines for all meetings

(D) Limiting communication to official emails and reports

**13.** Ravi constantly believes he is a failure because he once performed poorly on a test. Which cognitive problem is he exhibiting according to the Cognitive Model ? *1*

(A) Accurate self-assessment

(B) Overgeneralisation

(C) Rational thinking

(D) Logical reasoning

**14.** Which of the following statements best describes how societal norms influence the perception of abnormal behaviour ? *1*

(A) Societal norms are universally consistent and do not change over time.

(B) Behaviours, thoughts and emotions that align with societal norms are always considered abnormal.

(C) Societal norms are derived from society's culture, including its history, values and institutions and these norms can change over time.

(D) Aggressive behaviour is universally accepted as normal behaviour across all cultures.

**SECTION B**

**15.** A teacher notices that Neeraj, one of her class 5 students, learns new languages very easily, loves new subjects, and is very sensitive to changes in the classroom. Comment on the intellectual abilities of Neeraj. *2*

collegebatch.com

16. (क) स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति अभिवृत्ति बनाम किसी व्यक्ति विशेष के प्रति अभिवृत्ति के उदाहरण का उपयोग करते हुए सरल व जटिल अभिवृत्ति प्रणाली के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। *2*

**अथवा**

(ख) अभिवृत्ति निर्माण में परिवार और विद्यालय के वातावरण के प्रभाव का आकलन और लेखन कीजिए।

17. समूह में सामाजिक स्वैराचार कम करने के लिए दो उपाय बताइए और समझाइए। *2*

18. आग्रहिता, दबाव के प्रति व्यक्ति की अनुक्रिया को किस प्रकार प्रभावित कर सकती है ? *2*

19. एक समेकित समूह के निर्माण और उसे बनाए रखने में समान अभिप्रेरकों व लक्ष्यों की भूमिका का एक उदाहरण के द्वारा मूल्यांकन कीजिए। *2*

## खण्ड ग

20. आप एक ऐसे सेवार्थी/ग्राहक के साथ कार्य कर रहे हैं, जो अत्यधिक दबाव को अच्छी तरह संभालता है और स्वस्थ रहता है। आप दबाव-प्रबंधन की उनकी क्षमता का मूल्यांकन व समर्थन कैसे करेंगे ? *3*

21. स्पष्ट कीजिए कि 17वीं और 18वीं शताब्दी में विवेक (तर्क) एवं ज्ञानोदय (प्रबोधन) के युग (एज ऑफ रीज़न एण्ड एन्लाइटेंमेंट) ने मनोवैज्ञानिक विकारों के उपचार और अवधारणा को किस प्रकार प्रभावित किया। *3*

22. (क) टर्मन के शोध निष्कर्षों के आधार पर बुद्धि और सर्जनात्मकता के संबंध का विश्लेषण कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) मूल्यांकन कीजिए कि गार्डनर का बुद्धि के स्वतंत्र और अन्योन्य-क्रियात्मक होने के बारे में दृष्टिकोण एकल एकीकृत बुद्धि की पारंपरिक धारणाओं को किस प्रकार चुनौती देता है।

23. अशोक मनोग्रस्ति बाध्यता विकार से पीड़ित है। वह अपने वर्तमान उपचार के पूरक के रूप में वैकल्पिक चिकित्सा पर विचार कर रहा है। अशोक के लिए सर्वाधिक उचित चिकित्सा पद्धति की अनुशंसा कीजिए व उसका औचित्य सिद्ध कीजिए। *3*

## खण्ड घ

24. (क) बुद्धि के संबंध में तकनीकी और एकीकृत दृष्टिकोण में तुलना व अंतर स्पष्ट कीजिए। उन सांस्कृतिक कारकों पर भी चर्चा कीजिए जो इन अवधारणाओं को प्रभावित कर सकते हैं। *4*

**अथवा**

(ख) मनोज और सुनील एक कंपनी में दो प्रबंधक हैं। वे चार कारण बताइए जिनसे अधिक सांवेगिक बुद्धि के कारण मनोज अपने सहकर्मियों में सुनील, जिसमें इन गुणों का अभाव है, की अपेक्षा अधिक लोकप्रिय है।

16. (a) Discuss the difference between a simple and a complex attitude system using the example of attitude towards health and well-being versus attitude towards a particular person. *2*

**OR**

(b) Assess and write the impact of family and school environment on attitude formation.

17. Identify and explain two strategies to reduce social loafing within a group. *2*

18. How can assertiveness impact an individual's response to stress ? *2*

19. Evaluate the role of common motives and goals in forming and maintaining a cohesive group, with an example. *2*

## SECTION C

20. You are working with a client who handles high stress well and remains healthy. How would you evaluate and support their ability to manage stress effectively ? *3*

21. Explain how the Age of Reason and Enlightenment influenced the treatment and perception of psychological disorders in the seventeenth and eighteenth centuries. *3*

22. (a) Analyze the relationship between intelligence and creativity, based on Terman's research findings. *3*

**OR**

(b) Evaluate how Gardner's view of intelligence as an independent and interactive type challenges the traditional notions of a singular, unified intelligence.

23. Ashok, who suffers from obsessive compulsive disorder (OCD), is considering alternative therapies to complement his current treatment. Recommend and justify which approach might be most beneficial for Ashok. *3*

## SECTION D

24. (a) Compare and contrast technological and integral approaches to intelligence. Also discuss the cultural factors that may influence these perspectives. *4*

**OR**

(b) Manoj and Sunil are two managers in a company. State four reasons how Manoj's higher emotional intelligence contributes to his popularity with colleagues as compared to Sunil, who lacks these qualities.

**25.** उन चार तरीकों का वर्णन कीजिए जिनके माध्यम से अभिवृत्ति निर्माण होता है। *4*

**26.** आप एक मनोवैज्ञानिक हैं जो प्रक्षेपी तकनीकों का प्रयोग कर एक नए सेवार्थी के व्यक्तित्व और संवेगात्मक स्थिति का आकलन कर रहे हैं। आप वाक्य-समापन परीक्षण और व्यक्तंकन परीक्षण का प्रयोग करने का निर्णय लेते हैं। वर्णन कीजिए कि आप इन परीक्षणों का उपयोग कैसे करेंगे और व्याख्या कीजिए कि प्रत्येक परीक्षण से आपको किस प्रकार की सूचना मिल सकती है। *4*

**27.** मीरा को मकड़ियों से बहुत डर लगता है। उसे अचानक साँस फूलने और चक्कर आने के साथ अत्यधिक भय का अनुभव होता है। पहचान कीजिए कि वह किन दो प्रकार के दुश्चिंता विकारों से पीड़ित हो सकती है एवं प्रत्येक विकार का सामना करने के लिए एक उपाय बताइए। *4*

## खण्ड ङ

**28.** (क) फ्रायड किसी व्यक्ति के जीवनकाल में स्थिरता और संभावित परिवर्तनों को किस प्रकार स्पष्ट करते हैं ? प्रत्येक चरण का विवरण देते हुए व्यक्तित्व विकास के किसी भी स्तर पर समस्याओं का समाना करने के प्रभाव पर चर्चा कीजिए। *6*

**अथवा**

(ख) पारिस्थितिक और सांस्कृतिक पर्यावरण व्यक्तित्व विकास को कैसे प्रभावित करते हैं ? शिकार-संग्रहण और कृषक समाजों से मूर्त उदाहरण देते हुए अपने उत्तर को स्पष्ट कीजिए।

**29.** (क) संज्ञानात्मक चिकित्सा में मूल स्कीमा, नकारात्मक स्वचालित विचारों, संज्ञानात्मक वृत्तियों और अविवेकी विश्वासों की भूमिका पर चर्चा कीजिए। *6*

**अथवा**

(ख) व्यवसायी मनश्चिकित्सकों के द्वारा किन छह नैतिक मानकों का प्रयोग किया जाना चाहिए। स्पष्ट कीजिए कि कैसे प्रत्येक मानक मनश्चिकित्सा को प्रभावशाली बनाता है और सेवार्थी की भलाई सुनिश्चित करता है।

**25.** Describe four methods through which attitudes are formed. *4*

**26.** You are a psychologist assessing the personality and emotional state of a new client using projective techniques. You decide to use the Sentence Completion Test and Draw-a-Person Test. Describe how you would use these tests and explain what kind of information you might gain from each test. *4*

**27.** Meera has an intense irrational fear of spiders and experiences sudden episodes of intense terror with breathlessness and dizziness. Identify the two types of anxiety disorders she might be suffering from and suggest one coping strategy for each. *4*

## SECTION E

**28.** (a) How does Freud explain the stability and potential changes in personality over a person's lifetime ? Provide an overview of each stage and discuss the impact of encountering problems at any stage on personality development. *6*

**OR**

(b) How do ecological and cultural environments influence personality development ? Provide concrete examples from hunting-gathering and agricultural societies to illustrate your answer.

**29.** (a) Discuss the role of core schemas, negative automatic thoughts, cognitive distortions and irrational beliefs in cognitive therapies. *6*

**OR**

(b) Discuss six key ethical standards that professional psychotherapists must adhere to. Explain how each standard contributes to the effectiveness of psychotherapy and ensures the well-being of clients.

## खण्ड च

### (व्यक्ति अध्ययन-1)

*निम्नलिखित व्यक्ति अध्ययन पढ़कर पूछे गए प्रश्नों **(30 व 31)** के उत्तर दीजिए :*

सामाजिक दबाव को मोटे तौर पर एक ऐसी स्थिति के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो युग्म समूह या बड़े सामाजिक संदर्भ में किसी के संबंधों, सम्मान या अपनेपन की भावना के लिए खतरा बन सकता है। सामाजिक दबाव कई स्थितियों में उभर सकता है।

सामाजिक दबाव कठिन सामाजिक संबंधों से उत्पन्न हो सकता है, उदाहरणार्थ विरोधाभासी अथवा विक्षुब्ध वैवाहिक या पारिवारिक संबंध। सामाजिक दबाव मूल्यांकित निष्पादन स्थितियों के संदर्भ में भी उभर सकता है जहाँ अन्य लोग भ्रमित या आलोचनात्मक हो सकते हैं। वह ऐसे संदर्भ में भी महसूस किया जा सकता है जहाँ कोई स्वयं को अस्वीकृत, बहिष्कृत या उपेक्षित पाता है। सामाजिक दबाव को अधिक व्यापक रूप में किसी समूह या समुदाय के भीतर निम्न भूमिका या प्रतिष्ठा की अवधारणा का प्रतिनिधित्व करने वाला भी माना जा सकता है। सामाजिक दबाव स्वास्थ्य परिणामों से संबंधित कई प्रकार की अवलोकनीय एवं मापनीय अनुक्रियाओं को जन्म दे सकता है।

**30.** सामाजिक दबाव का किसी व्यक्ति पर क्या प्रभाव पड़ सकता है ? *1*

**31.** दैनिक जीवन में सामाजिक दबाव के दो कारणों का उल्लेख कीजिए। *2*

### (व्यक्ति अध्ययन-2)

*निम्नलिखित व्यक्ति अध्ययन पढ़कर पूछे गए प्रश्नों **(32 व 33)** के उत्तर दीजिए :*

किसी भी समय व्यक्ति, परिवार, समुदाय और संरचनात्मक कारकों का विविध समुच्चय मिलकर मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा या उसे कमजोर कर सकता है। यद्यपि अधिकांश लोग स्थिति-स्थापक (रिज़िलिएंट) होते हैं, तथापि वे लोग भी गरीबी, हिंसा, विकलांगता और असमानता जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों के संपर्क में होते हैं, उन्हें इससे अधिक जोखिम होता है। सुरक्षात्मक और जोखिम कारकों में व्यक्तिगत, मनोवैज्ञानिक और जैविक कारक जैसे संज्ञानात्मक कौशल और आनुवंशिकी विद्यमान हैं। कई जोखिम और सुरक्षात्मक कारक मस्तिष्क की संरचना और / या प्रकार्य में परिवर्तन के माध्यम से प्रभावित होते हैं।

मानसिक विकारों से ग्रस्त लोगों को सामाजिक समर्थन की भी आवश्यकता होती है, जिसे व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक संबंधों को विकसित करने में सहायता की अपेक्षा शामिल है। मानसिक विकारग्रस्त लोगों को शैक्षणिक कार्यक्रमों, रोजगार, आवास और अन्य सार्थक गतिविधियों में भाग लेने हेतु भी सहायता की आवश्यकता हो सकती है।

**32.** उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार किस प्रकार के लोगों में मनोवैज्ञानिक विकार होने की अधिक संभावना है ? *1*

**33.** मानसिक रूप से बीमार लोगों की चिंताओं को दूर करने में सहायक दो उपाय बताइए। *2*

collegebatch.com

## SECTION F

**(Case Study – 1)**

*Read the case study given below and answer the questions* ***(Q. 30 and 31)*** *that follow :*

Social stress can be broadly defined as a situation which threatens one's relationships, esteem, or sense of belonging within a dyad group, or larger social context. Social stress, can emerge in a number of situations.

Social stress can stem from difficult social interactions, for example, a conflictual or tumultuous marital or family relationship. Social stress can also emerge in the context of evaluated performance situations, where others could be judgmental or critical, or in contexts in which one feels rejected, ostracized, or ignored. Social stress can also be more broadly construed, representing perceptions of one's lower role or standing within a group or community. Social stress can lead to a range of observable and measurable responses related to health outcomes.

**30.** What impact can social stress have on an individual ? *1*

**31.** State two causes of social stress in day-to-day life. *2*

**(Case Study – 2)**

*Read the case study given below and answer the questions* ***(Q. 32 and 33)*** *that follow :*

At any one time, a diverse set of individual, family, community and structural factors may combine to protect or undermine mental health. Although most people are resilient, people who are exposed to adverse circumstances – including poverty, violence, disability and inequality – are at higher risk of developing a mental health condition. Protective and risk factors include individual, psychological and biological factors, such as emotional skills as well as genetics. Many of the risks and protective factors are influenced through changes in brain structure and/or function.

People with mental disorders also require social support, including support in developing and maintaining personal, family and social relationships. People with mental disorders may also need support for educational programmes, employment, housing and participation in other meaningful activities.

**32.** According to the above paragraph, what type of people are more likely to have a psychological disorder ? *1*

**33.** State two steps which are helpful in addressing the concerns of mentally-ill people. *2*